भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या **1304**

जिसका उत्तर शुक्रवार, 09 फरवरी, 2024/20 माघ, 1945 (शक) को दिया जाना है।

नैनो उर्वरक उत्पाद हेतु कार्य योजना

1304. श्री ई.टी.मोहम्मद बशीर:

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने इस बात पर ध्यान दिया है कि नैनो उर्वरक देश में किसानों हेतु आर्थिक और पर्यावरण की दृष्टि से फायदेमंद नहीं है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार के पास देश में नैनो उर्वरकों के उत्पादन के संबंध में कोई समयबद्ध कार्य योजना है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री

(भगवंत खुबा)

(क): भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) संस्थानों और राज्य कृषि विश्वविद्यालयों (एसएयू) द्वारा कई स्थानों पर किए गए जैव-प्रभावकारिता परीक्षणों और जैव-सुरक्षा परीक्षणों के परिणामों के आधार पर, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग (डीएएंडएफडब्ल्यू) ने नैनो यूरिया को अनंतिम रूप से उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 में नैनो नाइट्रोजन उर्वरक के रूप में अधिसूचित किया था। नैनो यूरिया के ये प्रायोगिक परीक्षण विभिन्न कृषि-जलवायवीय क्षेत्रों में धान, गेहूं, सरसों, मक्का, टमाटर, पत्तागोभी, ककड़ी, शिमला मिर्च और प्याज जैसी विभिन्न फसलों पर किए गए थे। अध्ययन से पता चला कि नाइट्रोजन की अनुशंसित बेसल डोज के साथ टॉप-ड्रेसिंग के रूप में नैनो यूरिया के दो छिड़काव से नाइट्रोजन की पूर्ण अनुशंसित मात्रा के साथ प्राप्त उपज के बराबर उपज प्राप्त हुई, जिसमें 3-8% का उपज लाभ और विभिन्न फसलों में 25-50% की यूरिया की बचत हुई। इफको नैनो यूरिया (तरल) की कीमत 225 रुपये प्रति 500 मिलीलीटर की बोतल है, जो पारंपरिक यूरिया की 45 किलोग्राम की बोरी की कीमत से 16% कम है।

(ख) और (ग): भारत सरकार नैनो यूरिया संयंत्रों की स्थापना में प्रत्यक्ष रूप से शामिल नहीं है। इफको द्वारा 17 करोड़ बोतल (प्रत्येक 500 मिलीलीटर) प्रति वर्ष की कुल संयुक्त क्षमता वाले कुल 3 नैनो यूरिया संयंत्रों को कलोल, फूलपुर और आंवला में और रे नैनो साइंस एण्ड रिसर्च सेंटर द्वारा 4.5 करोड़ बोतल (प्रत्येक 500 मिलीलीटर) प्रति वर्ष की क्षमता वाला 1 संयंत्र आणंद, गुजरात में स्थापित किया गया है। इसके अतिरिक्त, उर्वरक कंपनियों ने सूचित किया है कि उन्होंने देश में 6 और नैनो यूरिया संयंत्र स्थापित करने का निर्णय लिया है।

*****